**दिनांक–26.05.2025 को ईखायुक्त, बिहार की अध्यक्षता में बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत् वित्तीय वर्ष 2024–25 गुड़ इकाई की स्थापना से संबंधित विडियो कॉन्फ्रेन्सिग के माध्यम से सम्पन्न बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति :–** श्री वेदव्रत कुमार, सहायक ईखायुक्त/श्री कुमार कानन, ईख पदाधिकारी, सीवान/श्री पुष्कर राज, ईख पदाधिकारी, लहेरियासराय/श्री राहुल कुमार, ईख पदाधिकारी, मोतिहारी/निदेशक, ईख अनुसंधान संस्थान (SRI), पूसा, समस्तीपुर/श्री अमित कुमार, आवेदक, पटना/ श्री राजीव रंजन कुमार सिंह, आवेदक, सीवान/श्री बैकुन्ठ कुमार झा, दरभंगा/श्री जितेन्द्र दुबे, गया/श्री अशोक कुमार सिंह, पटना/ श्री ब्रज किशोर यादव, दरभंगा/श्रीमी संध्या प्रसाद, गोपालगंज।

बैठक की कार्यवाही ईखायुक्त, बिहार की अध्यक्षता में आरम्भ हुई।

सर्वप्रथम ईखायुक्त, बिहार द्वारा श्री अमित कुमार, आवेदक, पटना से पूछा गया कि इकाई की स्थापना कबतक होगी एवं इकाई की अद्यतन स्थिति क्या है ?

श्री अमित कुमार, आवेदक, पटना द्वारा बताया गया कि मशीनरी क्रय करने हेतु मेसर्स कैलाश इण्डस्ट्रीज एवं श्री अमिताभ, वैज्ञानिक, ईख अनुसंधान संस्थान (SRI), पूसा से सुझाव प्राप्त किया गया है। ऋण प्राप्त करने हेतु शाखा प्रबंधक, इन्डियन ऑवरसीज बैंक, बिहटा, पटना से बात चल रही है। ऋण प्राप्ति के पश्चात् गुड़ इकाई की स्थापना की जायेगी।

श्री राजीव रंजन कुमार सिंह, आवेदक, सीवान द्वारा बताया गया कि जमीन की माप हो चुकी है जल्द ही इकाई की स्थापना हो जायेगी। इनके द्वारा यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना एवं यंत्रिकरण योजना का लाभ गुड़ प्रोत्साहन कार्यक्रम अंतर्गत चयनित आवेदक को भी मिले।

श्री बैकुन्ठ कुमार झा, आवेदक, दरभंगा द्वारा बताया गया कि बैंक से फाइनेंस नहीं हो पा रहा है क्योंकि सिविल स्कोर शून्य है। बैंक फंड देगी तब इकाई की स्थापना हो पायेगी।

श्री ब्रजकिशोर यादव, आवेदक, दरभंगा, द्वारा बताया गया कि एस०आई०पी०बी० अनुमोदन नहीं प्राप्त हुआ। अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात इकाई की स्थापना का कार्य प्रारंभ हो पायेगा।

श्री जितेन्द्र दुबे, आवेदक, गया द्वारा कहा गया कि विशेष ईख पदाधिकारी, पटना द्वारा land को verify करके licence दे चुके है जल्द ही मशीन का क्रय करके गुड़ इकाई की स्थापना करेगे। श्री वेदव्रत, विशेष ईख पदाधिकारी, पटना को श्री जितेन्द्र दुबे से संपर्क कर इकाई की स्थापना का जयजा लेने को कहा गया।

श्री अशोक कुमार सिंह, आवेदक, पटना द्वारा कहा गया कि 100 एकड़ में गन्ना लगाया गया है, जुलाई से गुड़ इकाई स्थापना का कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

श्रीमती संध्या प्रसाद, आवेदक, गोपालगंज द्वारा कहा गया कि मशीनरी पूर्ण रूप से स्थापित हो चुका है। नवंबर माह से उत्पादन शुरू हो जायेगा इनके द्वारा यह भी बताया गया कि इनके द्वारा स्थापित इकाई पुर्ण रूप से स्वचालित है। श्री अनुपम वैज्ञानिक (SRI), पूसा को निदेश दिया गया कि जून माह में श्रीमती संध्या प्रसाद के गुड़ इकाई का visit कर लें।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

ह० /–

**(अनिल कुमार झा)**
ईखायुक्त, बिहार।

*कृ०पृ०उ०:.........2*

ज्ञापांक–02 / रेगु०–02–7040 / 2025– / पटना, दिनांक– जून, 2025

प्रतिलिपि–सभी संबधित ईख पदाधिकारी / विशेष ईख पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

**(राम नारायण कुमार)**
प्रशाखा पदाधिकारी,
गन्ना उद्योग विभाग।

ज्ञापांक–02 / रेगु०–02–7040 / 2025– / पटना, दिनांक– जून, 2025

प्रतिलिपि– ईखायुक्त, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

ह० / –

प्रशाखा पदाधिकारी,
गन्ना उद्योग विभाग।

ज्ञापांक–02 / रेगु०–02–7040 / 2025–774/ / पटना, दिनांक– 03 जून, 2025

प्रतिलिपि–आई० टी० प्रबन्धक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

03/06/25

प्रशाखा पदाधिकारी,
गन्ना उद्योग विभाग।